मप्र को मिला पुरस्कार

भोपाल (ब्यूरो)। मध्यप्रदेश शासन को ई-उपार्जन के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इण्डिया का अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्स इन ई-उपार्जन मिला है।

वर्ष 2011-12 के लिए यह पुरस्कार कलकत्ता में एक समारोह में मध्यप्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक चंद्रहास दुबे ने ग्रहण किया। मध्यप्रदेश में 85 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया था। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से किसानों को काफी सुविधा हुई। करीब 12 लाख किसान को एसएमएस के माध्यम से उपार्जन की तिथि और स्थान की सूचना दी गई। निर्धारित तिथि पर गेहूँ का उपार्जन कर किसानों के बैंक खातों में 3 से 5 दिन की अवधि में भुगतान जमा करवा दिया गया। उपार्जन राशि 12 हजार 400 करोड़ रु. के अलावा 850 करोड़ रु. बोनस के रूप में किसानों के खातों में जमा करवाया गया।

Generated by CamScanner from intsig.com